CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 306 रायपुर, सोमवार 1 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## प्रदेश में आज से 2 सौ यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना लागू



**रायपुर,** 1 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के लोगों को आज से सरकार बड़ी राहत देने जा रही है. आज से 200 यूनिट हाफ बिजली योजना होगी लागू. इससे लाखों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने वाली है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा के विशेष सत्र में इसकी घोषणा की थी. अगर कोई उपभोक्ता 201 यूनिट बिजली खपत करता है तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जानकारी दी थी कि प्रदेश के ऐसे घरेलू उपभोक्ताओं जिनका 200 यूनिट तक विद्युत खपत है, उन्हें 200 यूनिट तक हाफ बिजली का पूरा लाभ प्राप्त होगा. इस निर्णय से राज्य के 36 लाख घरेलू उपभोक्ता सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे. 200 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को भी अगले 1 वर्ष तक 200 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल का लाभ मिलेगा, इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे. इन उपभोक्ताओं को 1 वर्ष तक की छूट दी गई है, ताकि इस अवधि में वे अपने घरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करा सके।

बता दें कि 4 महीने पहले यानी 1 अगस्त 2025 को राज्य सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना पर बड़ा बदलाव किया था. पूर्व भूपेश सरकार के समय लागू हुई 400 यूनिट की सीमा को घटाकर 100 यूनिट कर दिया गया था. इसका सीधा असर लाखों परिवारों को पड़ा. हालांकि नई योजना के तहत आज से 200 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना लागू कर दी गई है।

## शेख हसीना को फांसी व 21 साल कैद बाद अब जमीन घोटाले पर सजा



**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग प्रमुख शेख हसीना को सोमवार को ढाका की एक विशेष अदालत से बड़ा कानूनी झटका लगा है। अदालत ने पुरबचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में प्लॉट आवंटन में अनियमितताओं से जुड़े बहुचर्चित जमीन घोटाला मामले में उन्हें दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। इससे पहले इस साल (2025) ही इंटरनेशनल क्राइमट ट्रीब्यूनल ने हसीना को क्राइम्स एगेन्स्ट ह्यूमैनिटी (2024 छात्र-आन्दोलन खूनखराबे) के लिए फांसी सुनाई थी। और इसके कुछ दिन बाद ही ढाका कोर्ट स्पेशल जज कोर्ट-5 ने हाल ही में शेख हसीना को तीन भ्रष्टाचार-मामलों में 21 साल की जेल की सजा सुनाई है। जमीन घोटाला मामले में अदालत ने कुल तीन लोगों को दोषी करार दिया है । शेख हसीना (पूर्व प्रधानमंत्री), शेख रेहाना (हसीना की बहन),तुलिप रिजवाना सिद्दीक (शेख रेहाना की बेटी व ब्रिटिश सांसद)। ये तीनों राजुक द्वारा किए गए प्लॉट आवंटन में कथित अनियमितताओं के मामले में दोषी पाए गए।

ढाका की विशेष अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाया और तीनों आरोपियों को दोषी ठहराया गया। अदालत ने कारावास की सजा सुनाई, जिसकी अवधि को लेकर आधिकारिक बयान विस्तृत रूप से सार्वजनिक होना बाकी है । हसीना पहले से ही कई कानूनी चुनौतियों का सामना कर रही हैं। उनके खिलाफ विभिन्न आर्थिक और प्रशासनिक अनियमितताओं के मामले चल रहे हैं। अब एक और मामले में दोषी ठहराया जाना उनकी राजनीतिक और कानूनी स्थिति को कमजोर करता है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पाक सेना मुख्यालय पर बड़ा हमला, आत्मघाती महिला हमलावर ने एफसी कैंप में खुद को उड़ाया

**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान के चाग़ई ज़िले में रविवार शाम पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर बड़ा हमला हुआ, जब एक महिला आत्मघाती हमलावर ने फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) मुख्यालय के मुख्य दरवाज़े पर खुद को उड़ा लिया। द बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, धमाके के तुरंत बाद कई सशस्त्र हमलावर कैंप में घुस गए और वहां लगातार गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती विस्फोट के बाद कैंप के भीतर एक घंटे से अधिक समय तक भारी फायरिंग और कई धमाकों की आवाजें सुनाई देती रहीं।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आकाश डिफेंस सिस्टम ने पूरी दुनिया को हैरत में डाला

**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। भारत की रक्षा क्षमता में एक और माइलस्टोन जुड़ गया है। भारतीय सेना ने छ्त्रक्ष्ठ्ह द्वारा तैयार किए गए 'आकाश प्राइम' एयर-डिफेंस सिस्टम का ऐसा परीक्षण किया जिसने वैश्विक सैन्य विशेषज्ञों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। यह वही प्रणाली है जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने प्रदर्शन से कई देशों को चौंका दिया था। पहले ही अर्मेनिया इसके लिए भारत के साथ समझौता कर चुका है और अब तुर्की सहित कई अन्य देशों ने इसकी क्षमता को खुले तौर पर स्वीकार किया है। आकाश प्राइम को भारत की मौजूदा आकाश प्रणाली का अत्याधुनिक और उन्नत संस्करण माना जाता है। खास बात यह है कि यह शानदार प्रदर्शन अत्यंत कम लागत में स्वदेशी टेक्नोलॉजी के दम पर हासिल हुआ है- जो भारत के रक्षा-आत्मनिर्भरता मिशन की बड़ी उपलब्धि है।




**चूहा-** सुनती हो, कर्नाटक में डी.के. शिवकुमार कह रहे हैं, सीएम सिद्धारमैया से कोई मतभेद नहीं है।

**चुहिया-** हां जी, लेकिन जहां आग होती है वहीं धुआं निकलता है।

## भारत का 'ऑपरेशन सागर बंधु' सफलतापूर्वक पूरा कोलंबो एयरपोर्ट से सभी भारतीय सुरक्षित निकाले गए



**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। भारत ने श्रीलंका में चक्रवात 'दित्वा% के कारण मची तबाही के बाद कोलंबो में बचाव अभियान में तेजी लाते हुए वहां फंसे भारतीय नागरिकों के आखिरी समूह को सोमवार को निकाल लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे 104 भारतीयों का आखिरी समूह 'ऑपरेशन सागर बंधु% के तहत भारतीय वायु सेना के विमान से सुबह करीब साढ़े छह बजे तिरुवनंतपुरम पहुंचा।

उच्चायोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि श्रीलंका के बचाव प्रयासों में भारत ने अपनी मदद तेज कर दी है और अभियान का विस्तार कई प्रभावित क्षेत्रों तक किया है। विज्ञप्ति के अनुसार चेतक हेलीकॉप्टर ने कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जबकि वायु सेना के कई हेलीकॉप्टर ने कोटमाले में तलाश अभियान संचालित किया जो सबसे ज्यादा प्रभावित मध्य पर्वतीय क्षेत्र है तथा भूस्खलन एवं बाढ़ के कारण यहां सड़क संपर्क टूट गया है। विज्ञप्ति में कहा गया, '' खोज एवं बचाव अभियानों के लिए भारत की विशेषीकृत आपदा प्रतिक्रिया एजेंसी एनडीआरएफ और एचएडीआर (मानवीय सहायता और आपदा राहत) की टीम कल कोलंबो पहुंची। उन्होंने श्रीलंका के अधिकारियों के साथ मिलकर कोच्चिकाडे में बचाव अभियान संचालित किया।%% विज्ञप्ति के अनुसार, एनडीआरएफ की टीम अब पुट्टलम और बादुल्ला इलाकों में काम कर रही हैं जो चक्रवात से बुरी तरह प्रभावित हैं और संपर्क से कट गए हैं। एनडीआरएफ ने कहा, ''एनडीआरएफ ने बाढ़ से गंभीर रूप से प्रभावित परिवारों की मदद की और उनकी तुरंत सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद की। इस बीच, श्रीलंका की वायु सेना ने एक पायलट की मौत की पुष्टि की है। उत्तर-पश्चिमी तट पर वेन्नापुवा में राहत सामग्री पहुंचाने की कोशिश करते समय एक बेल 212 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। श्रीलंका में चक्रवात 'दित्वा% के कारण मची तबाही में रविवार तक 334 लोग मारे गए हैं और 370 से अधिक व्यक्ति लापता हैं तथा बाढ़ एवं भूस्खलन की वजह से कई जिले अलग थलग पड़ गए हैं।

## मनु सिंघवी ने नेशनल हेराल्ड मामले को राष्ट्रीय उत्पीड़न का मामला करार दिया



**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने सोमवार को नेशनल हेराल्ड मामले को राष्ट्रीय उत्पीड़न का मामला करार दिया और पार्टी नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और छह अन्य के खिलाफ धन शोधन के आरोपों से इनकार किया। नेशनल हेराल्ड मामला पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर एक शिकायत से उत्पन्न हुआ था, जिसमें कांग्रेस नेताओं और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़ी कंपनियों द्वारा धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक नई एफआईआर दर्ज करने के बाद, सिंघवी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को रंगभेदी करार देते हुए उस पर विपक्षी दलों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ कथित प्रतिशोध के लिए भाजपा की भी आलोचना की।

राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक विचित्र स्थिति है। कोई अपराध नहीं, कोई नकदी नहीं, कोई सुराग नहीं। भाजपा अभी भी अपने विकृत दिमाग का मामला गढ़ रही है। अगर न्याय अंधा है, तो ईडी रंगहीन है। यह केवल एक रंग देखता है, विपक्ष का रंग। यह ऐसा मामला है जिसमें न तो धन की आवाजाही है, न ही अचल संपत्ति की आवाजाही है, न ही कोई दुरुपयोग है, फिर भी ईडी अपनी कल्पना में मनी लॉन्ड्रिंग देखता है। अगर प्रतिशोध एक पाठ्यक्रम होता, तो भाजपा सम्मान के साथ स्नातक होती। एक निजी शिकायत से सार्वजनिक सर्कस तक, नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा का पुनर्नवीनीकरण जुनून है। यह नेशनल हेराल्ड मामला नहीं है; यह राष्ट्रीय उत्पीड़न का मामला है।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आईजी-डीआईजी की बैठक हुई

**होटल से स्टेडियम तक 2 हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात**

रायपुर, 1 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में पहली बार होने वाले अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच को लेकर तैयारियां जोरों पर है. फैंस अपने फेवरेट क्रिकेटर्स को देखने के लिए उत्साहित हैं. मैच की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को पुलिस अधिकारियों की बड़ी बैठक हुई. रायपुर रेंज आई अमरेश मिश्रा और डीआईजी गिरिजाशंकर जायसवाल की अध्यक्षता में यह बैठक हुई, जिसमें एसएसपी रायपुर समेत डीएसपी और एएसपी लेवल के अधिकारी शामिल हुए हैं. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) को शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम हैंडओवर किए जाने के बाद यह पहला मौका जब अंतर्राष्ट्रीय वनडे मैच होने जा रहा है.

## एलओसी के उस पार हुआ व्यापार जम्मू-कश्मीर के भीतर का व्यापार माना जायेगा क्योंकि पीओके हमारा ही है: हाईकोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की एक डिविजन बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा है कि जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के बीच हुआ क्रॉस-स्भ्ष्ट व्यापार वास्तव में अंतर-राज्यीय नहीं, बल्कि राज्य के भीतर व्यापार माना जाएगा। अदालत ने यह स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के कब्जे में मौजूद क्षेत्र भी कानूनी रूप से जम्मू-कश्मीर का ही हिस्सा है, इसलिए स्भ्ष्ट के आर-पार होने वाला व्यापार राज्य के अंदर ही हुआ माना जाएगा।




हम आपको बता दें कि न्यायमूर्ति संजीव कुमार और न्यायमूर्ति संजय परीहार की बेंच 2008 से शुरू हुए क्रॉस-स्भ्ष्ट ट्रेड से जुड़े उन मामलों पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें व्यापारियों को छ्त्रस्ञ्ञ अधिनियम 2017 के तहत नोटिस जारी किए गए थे। अदालत ने कहा, यह बात विवादित नहीं है कि राज्य का वह हिस्सा जो इस समय पाकिस्तान के कब्जे में है, वास्तव में जम्मू-कश्मीर प्रदेश का ही हिस्सा है। अत: आपूर्तिकर्ताओं का स्थान और आपूर्ति का स्थान, दोनों ही जम्मू-कश्मीर के भीतर आए, इसलिए यह व्यापार इंट्रा-स्टेट ही माना जाएगा।

हम आपको बता दें कि याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि 2008 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच विश्वास-निर्माण उपायों के तहत यह व्यापार शुरू हुआ था, तब जम्मू-कश्मीर वैट कानून लागू था, जिसके अनुसार यह व्यापार ज़ीरो-रेटेड माना जाता था। लेकिन 2017 में त्रस्ञ्ञ लागू होने के बाद, कर अधिकारियों ने व्यापारियों की इनवार्ड और आउटवार्ड आपूर्ति की जांच शुरू की और बड़े पैमाने पर हुई आपूर्ति के आधार पर उन्हें नोटिस जारी किए।

## श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो हुई हादसे का शिकार, 1 की मौके पर हुई मौत, 4 गंभीर

**सूरजपुर,** 1 दिसंबर (हाईवे चैनल)। ओड़गी थाना क्षेत्र के बांक में बीती रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें दर्शनार्थियों से भरी बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए. इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।



जानकारी के अनुसार, 8 श्रद्धालु मध्यप्रदेश के कुंभिया गांव से कुदरगढ़ धाम दर्शन करने आए थे. दर्शन कर लौटते समय बांक क्षेत्र में यह दुर्घटना हो गई. इस हादसे में 1 की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और 3 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही ओड़गी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## आज बिल पेश हुआ तो गुटखा-सिगरेट और पान-मसाला होगा महंगा



**फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण पेश करेंगी बिल**

**नई दिल्ली,** 1 दिसंबर (न्यूज चैनल)। गुटखा-सिगरेट और पान मसाला उद्योग पर सख्त कार्रवाई करने जा रही है। सरकार जीएसटी कंपनसेशन सेस खत्म होने के बाद भी तंबाकू और पान मसाला जैसे सिन गुड्स पर मौजूदा टैक्स बोझ बनाए रखने के लिए दो नए बिल ला रही है, ताकि इन पर पहले जैसा ही टैक्स असर जारी रहे। फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण आज लोकसभा में सेंट्रल एक्साइज अमेंडमेंट बिल-2025 और हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल-2025 पेश कर सकती हैं।

बता दें किसंसद का शीतकालीन सत्र-2025 आज (एक दिसंबर) से शुरू हो रहा है। 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में 10 बिल पेश होंगे। इन बिल में 'नेशनल सिक्योरिटी और जन स्वास्थ्य सेस' बिल है। जो निर्माताओं पर नियंत्रण रखेगा। रिपोर्ट के अनुसार सेंट्रल एक्साइज अमेंडमेंट बिल 2025, सिगरेट जैसे तंबाकू प्रोडक्ट्स पर एक्साइज ड्यूटी लगाकर तंबाकू पर जीएसटी कंपनसेशन सेस की जगह लेगा। वहीं, हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल 2025 पान मसाला पर कंपनसेशन सेस की जगह लेगा। इसका मकसद नेशनल सिक्योरिटी और पब्लिक हेल्थ पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए पैसे जुटाना और इन मकसदों के लिए उन मशीनों या दूसरे प्रोसेस पर सेस लगाना है जिनसे खास सामान बनाए या तैयार किए जाते हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण यह बिल लोकसभा में रखेंगी। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं के लिए अतिरिक्त धन जुटाना है। नया सेस गुटखा-पान मसाला बनाने वाली मशीनों और उत्पादन प्रक्रिया पर लगेगा। यानी टैक्स उत्पादन क्षमता के आधार पर तय होगा, न कि तैयार उत्पाद की मात्रा पर। चाहे सामान मशीन से बने या हाथ से, सभी निर्माताओं को हर महीने सेस देना अनिवार्य होगा। हाथ से उत्पादन करने वालों के लिए भी फिक्स्ड मासिक शुल्क तय होगा। संसद में मंजूरी के बाद इस सेस से जुटाई गई राशि राष्ट्रीय सुरक्षा और पब्लिक हेल्थ प्रोजेक्ट्स पर खर्च की जाएगी। जरूरत पड़ने पर सरकार इस सेस को दोगुना भी कर सकती है। नियमों का पालन न करने पर 5 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान हो सकता है। हर गुटखा-पान मसाला निर्माता को अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके बिना उत्पादन करना अवैध माना जाएगा।

## रायपुर में वन-डे मैच खेलने आज पहुंच रहे भारत-दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी



**रायपुर,** 1 दिसंबर (हाईवे चैनल)। रायपुर में भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे क्रिकेट मैच के लिए आज दोनों टीमें रायपुर पहुंच रही है। 3 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले मैच के लिए रोहित शर्मा, विराट कोहली और अन्य स्टार आज आएंगे जिसे लाइव देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों में भारी उत्साह है। वहीं, एक दिन पहले 30 नवंबर को ब्लैक टिकट बेचते पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी टिकट खरीद कर अवैध तरीके से ज्यादा दामों में बेच रहे थे। इस बात की भनक पुलिस को लग गई। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने भारत माता चौक के आसपास घेराबंदी की और फाफाडीह के रहने वाले ऋतिक माकीजा और देवव्रत माकीजा को हिरासत में लिया है।

थाना प्रभारी दीपक पासवान ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस ब्लैक टिकट बेचने वालों पर नजर रख रही है। वहीं इससे पहले इंडोर स्टेडियम में पहले फेज में ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले फिजिकल टिकट लेने पहुंचे। वहीं स्टूडेंट्स के लिए रिजर्व सीटों की बिक्री भी बीते सोमवार को हुई थी। इसके लिए सुबह 4 बजे से ही काउंटर के सामने भीड़ जुट गई थी। हालांकि, स्टूडेंट्स टिकट की बिक्री सुबह 10 बजे से शुरू हुई। इस दौरान सामने लाइन में खड़े युवाओं के बीच धक्की-मुक्की हो गई। लड़कियों ने बैरिकेड तोड़ने की भी कोशिश की। इस दौरान लड़कियों की पुलिस वालों से बहस भी हुई। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा।

CMYK